# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी करछना, प्रयागराज।

पत्रांक 2ll / लेखाकार / रा0वि0–कें0वि0 / ई–निविदा / 2026–27 / दिनांक 12-5-2026

## शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के पत्रांक संख्या 180 / लेखाकार / पंचम राज्य वित्त–15वां वित्त / 2026–27 दिनांक 05.05.2026 के द्वारा क्षेत्र पंचायत निधि योजनान्तर्गत कुल 03 कार्यो की ई–निविदा पोंटल htt://etender.up.nic.in पर दिनांक 07.05.2026 से 27.05.2026 को पूर्वान्ह 11.00 बजे तक आंमत्रित की जानी थी। तकनीकी कारण वश उक्त निविदा निर्धारित समय पर पोर्टल पर अपलोड न होने के कारण उक्त निविदा दिनांक 15.05.2026 से दिनांक 04.06.2026 को पूर्वान्ह 11.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। सम्बन्धित कार्य की तकनीकी ई–निविदा दिनांक 04.06.2026 को अपरान्ह 3.00 बजे एवं वित्तीय ई–निविदा दिनांक 05.06.2026 के पूर्वान्ह 11.00 बजे खोली जायेगी।

(अमित मिश्रा)
खण्ड विकास अधिकारी
करछना–प्रयागराज।

पत्रांक 2ll / दिनांकित

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. स्थापना / लेखाकार करछना प्रयागराज को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त विज्ञापन को ब्लाक नोटिस बोर्ड पर एवं विभिन्न ब्लाक स्तरीय कार्यालय के सूचना पट पर सूचना हेतु चस्पा कराना सुनिश्चित करें।

खण्ड विकास अधिकारी
करछना–प्रयागराज।

# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी करछना, प्रयागराज

पत्रांक 180 /लेखाकार / पंचम राज्य–15वां वित्त / 2026–27 / दिनांक– 05.05.2026

## ई–निविदा

पंचम राज्य वित्त आयोग एवं 15वां केन्द्रीय वित्त आयोग मद योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यो को कराने हेतु ई–निविदा पोर्टल http://etender.up.nic.in पर प्रकाशित की जा रही है। सरकारी विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों से ई–निविदायें दिनांक 07.05.2026 से 27.05.2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा के सम्बन्ध में निविदादाता कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में जानकारी प्राप्त कर सकते है। सम्बन्धित कार्य की तकनीकी ई–निविदा 27.05.2026 को अपराह्न 03:00 बजे एवं वित्तीय ई–निविदा 28.05.2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी। ई–निविदा का विस्तृत विवरण तथा नियम व शर्ते उ0प्र0 की ई–प्रक्योरमेंट की वेबसाईट आनलाईन http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है। किसी भी ई–निविदा को किसी भी समय, किसी भी स्तर पर स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

ई–निवदि मूल्य धनराशि RTGS/NEFT के माध्यम से खण्ड विकास अधिकारी करछना प्रयागराज के खाता संख्या– 10814366149 IFSC Code- SBIN0001164 स्टेट बैंक आफ इंडिया शाखा करछना में जमा करना अनिवार्य होगा, तथा 02प्रतिशत धरोहर धनराशि एफ0डी0आर0 / एन0एस0सी0 के माध्यम से जो खण्ड विकास अधिकारी करछना के पक्ष में बंधक होगी, की स्कैन कॉपी ई–निविदा के साथ अपलोड करना होगा तथा समस्त अभिलेखों की सत्यापित छायाप्रति निविदा खुलने के पूर्व कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

| | |
|---|---|
| ई–निविदा डालने की तिथि | दिनांक 07.05.2026 पूर्वान्हे 11:00बजे से दिनांक 27.05.2026 को पूर्वान्ह 11:00बजे तक |
| तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 27.05.2026 को अपराह्न 03:00 बजे |
| वित्तीय ई–निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 28.05.2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे |

| क0 | परियोजना का नाम | कार्य की माप | Amount with GST | Amount without GST | GST | निविदा मूल्य | धरोहर धनराशि 02 प्रतिशत | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत घटवा (चक मिश्रान) में रमाकान्त मिश्र के घर से पुलिया तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 140x3 मीटर | 603912.31 | 511790.09 | 92122.22 | 500 | 12080 | 3 Month |
| 2 | ग्राम पंचायत धरवारा में कोइहर घाट रोड पर यात्री शेड निर्माण कार्य | 1 No | 947245 | 802750 | 144495 | 500 | 18945 | 3 Month |
| 3 | विकास खण्ड करछना ग्राम पंचायत अरई मे यात्री विश्राम स्थल का निर्माण कार्य | 1 No | 648605.31 | 549665.51 | 98939.79 | 500 | 12973 | 3 Month |

**नियम व भार्तेः–**

1 सम्बन्धित निर्माण कार्य के अनुरूप निदेशक, स्थानीय निकाय निदेशालय उ0प्र0 लखनऊ के शासनादेश संख्या– तक0सेल / 07 / निदे0 / 2019 दिनांक 28जून 2019 के अनुसार हैंसियत प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होग।

1 तकनीकी बिड के साथ निविदादाता को वर्तमान में प्रभावी हैंसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, आयकर, जी0.एस0टी0, पैन, आधार कार्ड प्रमाण पत्र, श्रम विभाग, विभागीय रजिस्ट्रेशन एवं शपथ पत्र इकरारनामा 100 / –रूपये के स्टैम्प पेपर पर अनिवार्य रूप से अपलोड करना होगा।

1 प्रत्येक कार्य का अनुरक्षण / रख–रखाव की अवधि 01 वर्ष होगी, यदि कार्य स्थल पर किसी भी प्रकार की क्षति पायी जाती है तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी ठेकेदार / फर्म की होगी एवं ठेकेदार द्वारा जमा धरोहर धनराशि उक्त अवधि समाप्त होने एवं कार्य संतोशजनक के पश्चात् ही अवमुक्त की जायेगी।

1 भुगतान से पूर्व कार्य स्थल पर CIB बोर्ड लगाना अनिवार्य होगा।

1 जिस निविदादाता के पक्ष में निविदा स्वीकृत होगी उसको निर्माण कार्य प्रारम्भ से पूर्व, मध्य एवं अंत की फोटोग्राफी अनिवार्य रूप से कराकर कार्यालय को उपलब्ध कराना होगा।

1 यदि किसी भी ठेकेदार/फार्म का कार्य गुणवत्ता/ कार्य व्यवहार सन्तोषजनक नहीं पाया जाता है तो उस फार्म को ब्लैक लिस्ट कर दिया जायेगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित फार्म/ ठेकेदार की होगी ।

1 इंटरलाकिंग/ रोड के कार्यो पर भुगतान से पूर्व लैब टेस्ट रिपोर्ट / MM-11 कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा जिसकी जिम्मेदारी सम्बन्धित फार्म/ठेकेदार की होगी।

1 ई–निविदा स्वीकृति होने के उपरान्त अनुबन्ध बनने से पूर्व कार्य के सापेक्ष 10प्रतिशत धरोहर धनराशि खण्ड विकास अधिकारी करछना के कार्यालय में एफoडीo/एनoएसoसीo के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा, जोकि खण्ड विकास अधिकारी करछना के पक्ष में बंधक होगी।

1 लेबर सेस की कटौती सम्बन्धित फार्म/ ठेकेदार के बिल से कटौती / देय होगी जिसके लिए अलग से कोई भी भुगतान देय नहीं होगाI

1 सशर्त निविदायें स्वीकार नहीं की जायेगी तथा समस्त निवदाओं का न्यायायिक क्षेत्र जनपद प्रयागराज होगा।

1 ई–निविदादाता को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

1 कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण करना होगा, किसी भी प्रकार की कोई समयावृद्धि अनुमन्य नहीं होगी।

खण्ड विकास अधिकारी
करछना, प्रयागराज

पत्रांक /दिनांकित

प्रतिलिपिः– 1. साइंटिस्ट-B NIC प्रयागराज को इस अनुरोध के साथ कि कृप्पया दिनांक 05.05.2026 से 06.06.2026 के मध्य ई-निविदा अपलोड किये जाने हेतु तकनीकी सहयोग प्रदान करने का कष्ट करे।

2. लेखाकार/अवर अभियंता (ग्रा0अ0वि0) करछना प्रयागराज को इस निर्देश के साथ कि NIC प्रयागराज से समन्वय स्थापित करते हुए उपरोक्त अवधि में ई-निविदा अपलोड कराना सुनिश्चित करे ।

3. स्थापना/ लेखाकार करछना प्रयागराज को इस निर्देश के साथ की उपरोक्त विज्ञापन को ब्लाक नोटिस बोर्ड पर एवं विभिन्न ब्लाक स्तरीय कार्यालय के सूचना पट पर सूचना हेतु चस्पा कराना सुनिश्चित करे ।

खण्ड विकास अधिकारी
करछना, प्रयागराज

Signature Not Verified

Digitally signed by AMIT MISHRA
Date: 2026.05.13 12:41:07 IST
Location: Uttar Pradesh-UP